भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3044**

**19 मार्च, 2025 के लिए प्रश्न**

**चीनी के उपोत्पादों से इथेनॉल का उत्पादन**

**3044. श्री बालाशौरी वल्लभनेनीः**

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के प्रत्येक वर्ष और वर्तमान वर्ष के दौरान चीनी के उपोत्पादों से इथेनॉल के उत्पादन का राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान चीनी के उपोत्पादों के अतिरिक्त अन्य उपोत्पादों से इथेनॉल के उत्पादन का राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या आर्थिक मामलों संबंधी मंत्रिमंडलीय समिति ने हाल ही में सी-हैवी मोलासेस इथेनॉल के खरीद मूल्य में वृद्धि की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या देश वर्ष 2025-26 तक 20 प्रतिशत इथेनॉल सम्मिश्रण का लक्ष्य प्राप्त करने की ओर अग्रसर है और यदि हां, तो सरकार द्वारा इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कौन-कौन सी वैकल्पिक पद्धतियां अपनाई जा रही हैं; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री**

**(श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया)**

**(क) और (ख):** वर्तमान में, पेट्रोल में सम्मिश्रण के लिए इथेनॉल मुख्य रूप से विभिन्न प्रकार के गन्ना आधारित फीडस्टॉक अर्थात् गन्ने का रस/चीनी सिरप/चीनी सहित चीनी उप-उत्पाद (बी-हैवी शीरा और सी-हैवी शीरा) और अनाज आधारित फीडस्टॉक अर्थात् मक्का, क्षतिग्रस्त खाद्यान्न और चावल से उत्पादित किया जाता है। इथेनॉल का उपयोग पेट्रोल में सम्मिश्रण और अन्य औद्योगिक उपयोगों के लिए किया जा रहा है। पेट्रोल में सम्मिश्रण के लिए तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) की मांग के माध्यम से पेट्रोल सम्मिश्रण के लिए इथेनॉल का उत्पादन

निर्धारित किया जाता है। तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) द्वारा इथेनॉल डिस्टिलरी को फीडस्टॉक-वार निविदाएं आवंटित की जाती हैं। इस प्रकार, ओएमसी को इथेनॉल की आपूर्ति के लिए कोई अंतर-राज्य प्रतिबंध नहीं है। इसलिए, राज्य-वार इथेनॉल उत्पादन के आंकड़े निर्धारित नहीं किए गए हैं। पिछले पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान चीनी उप-उत्पादों सहित गन्ना आधारित फीडस्टॉक और अनाज आधारित फीडस्टॉक से कुल इथेनॉल उत्पादन का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

**(ग):** सरकार ने इथेनॉल आपूर्ति वर्ष 2024-25 के लिए 'सी' हैवी शीरा इथेनॉल के मिल-द्वार खरीद मूल्य को 56.28 रुपये प्रति लीटर से संशोधित कर 57.97 रुपये प्रति लीटर कर दिया है।

**(घ) और (ङ):** जैव ईंधन पर राष्ट्रीय नीति -2018, वर्ष 2022 में यथा संशोधित, ने अन्य बातों के साथ-साथ पेट्रोल में इथेनॉल के 20% सम्मिश्रण के लक्ष्य को वर्ष 2030 से इथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) 2025-26 तक के लिए अग्रवर्ती कर दिया है। सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसी ने जून 2022 में पेट्रोल में 10% इथेनॉल सम्मिश्रण का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है, अर्थात् ईएसवाई 2021-22 के दौरान लक्ष्य से पांच महीने पहले। इथेनॉल का सम्मिश्रण ईएसवाई 2022-23 में 12.06%, ईएसवाई 2023-24 में 14.60% और ईएसवाई 2024-25 में 28 फरवरी 2025 तक 17.98% तक बढ़ गया है। फरवरी 2025 महीने के लिए, सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसी द्वारा 19.68% इथेनॉल सम्मिश्रण प्राप्त किया गया था।

*****

**अनुबंध**

**लोक सभा में दिनांक 19.03.2025 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 3044 के भाग (क) एवं (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

| **फ़ीड स्टॉक** | **उत्पादित एवं तेल विपणन कंपनियों को आपूर्ति किये गये इथेनॉल की मात्रा (करोड़ लीटर में)** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **ईएसवाई 2019-20** | **ईएसवाई 2020-21** | **ईएसवाई 2021-22** | **ईएसवाई 2022-23** | **ईएसवाई 2023-24** | **ईएसवाई 2024-25 (दिनांक 28.2.2025 तक की स्थिति के अनुसार)** |
| सी-हैवी शीरा | 74.12 | 38.90 | 10.06 | 5.60 | 57.56 | 2.63 |
| बी- हैवी शीरा | 68.14 | 183.00 | 249.43 | 235.30 | 148.81 | 21.69 |
| गन्ने का रस/ चीनी का सिरप/ चीनी | 14.83 | 39.00 | 80.26 | 128.40 | 63.90 | 116.16 |
| क्षतिग्रस्त खाद्यान्न (डीएफजी) | 15.94 | 39.30 | 22.59 | 31.90 | 115.62 | 18.95 |
| मक्का | 0 | 0.00 | 0.00 | 31.50 | 286.47 | 119.45 |
| एफसीआई चावल | 0 | 2.20 | 45.75 | 73.70 | 0.13 | 0.00 |
| **कुल** | **173.03** | **302.40** | **408.09** | **506.40** | **672.49** | **278.88** |